**दी 2023 AWS डीपरेसर लीग**
**(समिट सर्किट रेसिंग)**

AWS ग्लोबल समिटस् 2023 समिट सर्किट पर स्वयं-उपस्थित विधुन्मय डीपरेसर लीग रेसिंग
Mumbai, IN – 18मई 2023

**<u>आधिकारिक नियम</u>**

**हिस्सा लेने के लिए खरीदगी या भुगतान की कोई आवश्यकता नहीं। AWS समिटस् में प्रवेश निःशुल्क है।**

1. **संक्षिप्त विवरण।** 2023 AWS डीपरेसर लीग ("**प्रतियोगिता**") एक AWS द्वारा प्रायोजित, वैश्विक स्वशासी रेसिंग लीग है, जो किसी भी शासकीय या विशिष्ट राष्ट्रीय स्पोर्टस् लीग से संबंधित नहीं है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजंस) एवं मशीन लर्निंग (कंप्यूटरों को मनुष्य की तरह खुद अपने अनुभवों और डेटा से अपने आप सीखने की क्षमता) प्रदान करनेवाली अभियांत्रिकी पर केंद्रित है। विश्वभर से डेवलपर्स् (सोफ्टवेयर कर्ताओं) AWS समिट इवेंटस् की रेस में प्रतिस्पर्धि हो सकते हैं और इन शीघ्र-विकासशील तकनीकियों के प्रयोग द्वारा अपना कौशल बढ़ा सकते हैं। यह प्रतिस्पर्धा 27 नवंबर 2023 – 1 दिसंबर 2023 को Las Vegas, Nevada, USA में होनेवाली 2023 AWS डीपरेसर चैम्पियनशिप कप फाईनल्स (“**फाईनल्स**”) में किसे आमंत्रित किया जाए इसका निर्णय करेगी। AWS अन्य समवर्ति रेसिंग फॉर्मेटें भी चलाती है और ये भी फाईनल्स में अतिरिक्त आमंत्रितों के बारे में निर्णय करेंगी।
2. **पात्रता।** यह प्रतियोगिता उन प्राकृतिक व्यक्तियों (“**व्यक्तियों**”) के लिए प्रवेश्य है जो निम्नलिखित सभी आवश्यकताओं को परिपूर्ण करते हों:
   2.1. <u>समिट के लिए योग्यता प्रमाणपत्र</u> – व्यक्तियों के पास AWS समिट के लिए मान्य योग्यता प्रमाणपत्र होना ज़रूरी है (उदाहरण के तौर पर, समिट बैज)।
   2.2. <u>आयु</u> – व्यक्तियों की आयु कम से कम 18 वर्ष होना ज़रूरी है।
   2.3. <u>अपवाद</u>– निम्नलिखित की पात्रता <u>नहीं</u> है**:** (i)U.S. द्वारा प्रतिबंध कार्यक्रम के अधीन राष्ट्रों अथवा राज्य क्षेत्रों जिन में शामिल है**:** Belarus, Cuba, Iran, North Korea, Russia, Syria, तथा Crimea का राज्यक्षेत्र, और Donetsk एवं Luhank के तथाकथित गणराज्यों में स्थित या निवासी व्यक्ति**;** (ii)जो व्यक्ति U.S. Office of Foreign Assets Control या Bureau of Industry and Security के द्वारा संधारित Specially Designated Nationals and Blocked Persons List (विशेष रूप से नामित नागरिक तथा निरूद्घ व्यक्तियो की सूची) में शामिल हैं, या इनमें शामिल

किसी व्यक्ति के हित में या निर्देशन में काम कर रहे हैं, the Denied Persons List, (अस्वीकृत व्यक्तियों की सूची ) या ऐसी अन्य सूचीयों में शामिल हैं ; तथा (iii) Amazon Web Services, Inc., 410 Terry Avenue, Seattle, WA, USA, 98109-5210 ("**संयोजक -ऑर्गेनाईज़र**") या उसके अधीनस्थ कंपनियों, संबद्ध कंपनियों और एजंट्स, तथा Promo Veritas Limited, 215 Marsh Road, Pinner, HA5 5NE, London, United Kingdom ("**प्रबंधक -एडमिनिस्ट्रेटर**"), के नियुक्तों, कॉट्रैक्टरों, डिरेक्टरों तथा अफसरों और ऐसे प्रत्येक व्यक्ति के सगे परिवार ("**सगा परिवार**") का मतलब होगा, वह व्यक्ति जो पति या पत्नी, माता या पिता, संतान, या घरबारी का सदस्य हो।

2.4. <u>नियोक्ता/एंटिटी अनुमति/अभिस्वीकृति</u>– इस के द्वारा व्यक्ति यह दर्शाते हैं और गारंटी देते हैं कि उनके इस प्रतियोगिता में सहभागी होने से किसी तृतीय -पक्ष के अधिकारों या दायित्व का उल्लंघन नहीं होगा, जिसमें असीमित तौर पर शामिल है किसी नियोक्ता या उसके अधिकार-क्षेत्र के कानूनों के अनुसार निर्माण की गई एंटिटी की नीतियों या प्रक्रियाओं, जिनमें असीमित तौर पर यूनिवर्सिटी या अन्य शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थान ("**एंटिटी**"), या किसी नियोक्ता या एंटिटी के तरफ संविदात्मक बाध्यता या उनके प्रतिबंध शामिल हो सकते है। जितना कि किसी व्यक्ति का सहभागी होना किसी एंटिटी में उनकी नियुक्ति के अनुसार नियुक्त, कॉन्ट्रेक्टर या एजंट होने की गुंजाईश में है, अथवा तो विद्यार्थी, सदस्य, प्रतिनिधि या अन्यथा होना उसके क्षेत्र में है, तो उस व्यक्ति को उनके नियोक्ता या एंटिटी, जो भी लागू होता है, उनको इस प्रतियोगिता में प्रवेश करते समय अवगत किया होना ज़रूरी है, जिसमें असीमित तौर पर पुरस्कार प्राप्त होने की संभावना भी शामिल है। संदेह की संभावना टालने के लिए वे व्यक्ति जो किसी यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट, ईंस्ट्रक्टर या प्रोफेसर हैं या तो यूनिवर्सिटी द्वारा किसी और स्थान पर नियुक्त किया गए हैं, उन्हें अवश्य ही इस उपधारा की आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। जहाँ कहीं भी उपयुक्त होता है, ऑर्गेनाईज़र एन्ट्रंट के नियोक्ता या एंटिटी की अनुमति या अभिस्वीकृति के दस्तावेज़ी पुष्टिकरण के लिए विनंति करने का अधिकार रखता है। ऑर्गेनाइज़र अपने एकाकी और अबाध्य विवेकाधिकार के तहत किसी भी व्यक्ति जो ऑर्गेनाइजर द्वारा की गई ऐसी विनंती पर फौरन ऐसे दस्तावेज़ों को उपलब्ध करने में नाकाम रहता है, उसे अयोग्य ठहरा सकता है।

2.5. <u>एन्ट्रंट</u> - जो व्यक्ति इन आधिकारिक नयमों को धारा 2 के अनुसार उपयुक्त योग्यता की आवश्यकताओं को पूर्ण करता है, इन आधिकारिक नियमों के साथ पूर्णतया सहमत होने की अभिपुष्टी करता है और धारा 5 के अनुसार इस प्रतियोगिता में भाग लेता है वह एन्ट्रंट है ("**एन्ट्रंट**")।

2.6. <u>एंटिटी बहिष्करण</u>– एंटिटियों को यह ज़रूरी है कि Belarus, Cuba, Iran, North Korea (Democratic People's Republic of Korea), Russia, Syria, और Crimea के राज्यक्षेत्र, और तथाकथित Donetsk एवं Luhansk के गणराज्यो में; (i) किसी कानूनी अधिकार-क्षेत्र में उनकी

निगमन या कारोबारी रजिस्ट्रेशन के रूप में मौजूदगी नहीं है; (ii) U.S. Office of Foreign Assets Control या Bureau of Industry and Security के द्वारा संधारित एंटिटी सूची (Entity List) या ऐसी अन्य सूचियों में शामिल नहीं है; या (iii) ऑर्गेनाईज़र की मूल कंपनी या अधीनस्थ कंपनी नहीं है।

2.7. <u>जहाँ अपवर्जित या प्रतिबंधित हो वहाँ अमान्य</u>

**3. भाग लेने की सर्वसामान्य शर्तें।**

3.1. AWS Summit के किसी कार्यक्रम की रेस के लिए रजिस्टर होने से, एन्ट्रंट इन आधिकारिक नियमों की अभिपुष्टी तथा संपूर्णतया स्वीकृती दर्शाता है। इस प्रतियोगिता में पेश किसी भी पुरस्कार की प्राप्ति एन्ट्रंट के द्वारा इन आधिकारिक नियमों के पूर्णतया अनुपालन पर निर्भर है।

3.2. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के एवज में ऑर्गेनाज़र खुद के या उसकी किन्हीं भी संबद्ध कंपनियों या अफिलिएट्स के प्रति वायदों या पक्षपात की अपेक्षा नहीं करता है। इस प्रतियोगिता में प्रवेश करने से, एन्ट्रंट दर्शाता है, गारंटी देता है और सहमत होता है कि (i) एन्ट्रंट के इस प्रतियोगिता में भाग लेने से - तथा कोई भी पुरस्कार स्वीकार करने से - उसके राष्ट्र, राज्य, प्रांत, या स्थानिक नगरपालिका स्थान के किसी भी कानून, विनियमन, नीति या नियम का उल्लंघन नहीं होगा तथा (ii) कोई संभासवित पुरस्कार किसी समझौते के बदले में नहीं है जो ऐसे कोई भी हाल ही के, अभी अपूर्ण, अथवा तो अपेक्षित कार्य या निर्णय को प्रभावित करे जिसके परिणाम स्वरूप ऑर्गेनाईज़र कोई नया कारोबार पा सके या कायम कर सके या कोई व्यापारी फायदा उठा सके।

3.3. एन्ट्रंट सहमत है कि यदि कोई एन्ट्रंट प्रतियोगिता के संचालन में छेड़छाड़ करते हुए पाया जाए, या आधाकारिक नियमों का उल्लंघन करते हुए या खिलाड़ी के लिए अनुचित बर्ताव या विघातक बर्ताव करते हुए पाया जाए तो उसे ऑर्गेनाईज़र अयोग्य ठहरा सकता है। किसी भी एन्ट्रंट द्वारा प्रतियोगिता के वैध संचालन को जानबूझकर कमज़ोर बनाने का प्रयास कानून का उल्लंधन हो सकता है, और ऑर्गेनाईज़र ऐसा करने वाले किसी भी एन्ट्रंट से कानून द्वारा स्वीकृत पूर्ण सीमा तक हानि की पूर्ती एवं (वकीलों की फीस सहित) अन्य कानूनी उपचारों की मांग करने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता है।

3.4. एन्ट्रंट द्वारा किसी AWS Summit कार्यक्रम में रजिस्टर होते समय पेश की हुई कोई भी गलत या अयथार्थ प्रवेश विषयक जानकारी अथवा विषयवस्तु के लिए ऑर्गेनाईज़र उत्तरदायी नहीं है चाहे वह प्रतियोगिता से संबद्ध अथवा तो उसके लिए प्रयोग किए हुए कोई भी उपकरण या प्रोग्रामिंग के कारण हो या ऑर्गेनाईज़र के बस में नहीं हो वैसी किसी टेकनिकल अथवा मानवीय गलती के कारण हो, जो प्रतियोगिता के प्रबंधन में घटित हो सकती हैं।

3.5. किसी भी प्रतियोगिता की वेबसाईट पर दिए गए सभी नियम और शर्तें लागु होते हैं।

3.6. एकाधिक एन्ट्रंटों द्वारा एक ही ईमेल एकाउंट का उपयोग करना मना है। कोई भी एन्ट्रंट के अनेकाधिक/विविध ईमेल एकाउंट, पहचान, रजिस्ट्रोशन और लॉगइन या कोई अन्य तरीकों द्वारा निवेदित की हुई संख्या से अधिक प्रविष्टियाँ पाने का प्रयास करने से उस एन्ट्रंट की प्रविष्टि अमान्य घोषित की जाएगी और उस एन्ट्रंट को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

3.7. किसी ईमेल ऐकाउंट के बारे में कोई विवाद होने पर, जिस ईमेल एड्रेस पर से या प्लेटफॉर्म पर एकाउंट रजिस्टर किया गया हो उसके अधिकृत एकाउंट धारी को एन्ट्रंट ठहराया जाएगा। "अधिकृत एकाउंट धारी" वह व्यक्ति है जिसे इंटरनेट एक्सेस प्रोवाईडर, ऑनलाईन सर्विस प्रोवाईडर अथवा प्रस्तुत एड्रेस से संबद्ध डोमेईन की जिम्मेदार अन्य संस्था द्वारा वह ईमेल एड्रेस सोंपा गया हो। प्रत्येक संभावित विजेता से उनके अधिकृत एकाउंट होल्डर होने का सबूत पेश करने की मांग की जा सकती है।

3.8. प्रविष्टियों की पावती न तो स्वीकृत की जाएगी, ना तो परत की जाएगी। गुम हुई, देरी से प्रविष्ट की हुई, अपठनीय, चुराई हुई, अपूर्ण, अमान्य, दुर्बोध, पोस्टेज चुकाए बिना की, गलत पते पर भेजी हुई, तकनिकी रूप से भ्रष्ट या अस्पष्ट प्रविष्टियाँ जो अयोग्य ठहराई जाएगी, या किसी भी प्रकार की समस्याएं जो ऑर्गेनाईज़र के बस में नहीं हो, चाहे वे यांत्रिकी हो या मानवीय या ईलेक्ट्रॉनिक हो, उनके लिए ऑर्गेनाईज़र जिम्मेदार नहीं है। प्रस्तुतिकरण के सबूत को ऑर्गेनाईज़र प्राप्ति का सबूत नहीं ठहराएंगे।

3.9. एन्ट्रंट को ज़रूरी है कि वे अपने निवास के अधिकार-क्षेत्र में लागू होने वाले कानूनों, हुक्मनामाओं, अधिनियमों और दिशानिर्देशो का पालन करें, और इनमें से किसी भी आधिकारिक नियमो में बदलाव या उपांतरण करेने की अथवा तो किसी भी अधिकार-क्षेत्र के कानूनों, हुक्मनामाओं, अधिनियमों और दिशानिर्देशो के परिणामतः ऑर्गेनाईज़र को कुछ भी आगे की कार्यवाही करने की कोई भी बाध्यता नहीं होगी सिवाय इसके कि इन आधिकारिक नियमों में इससे अतिरिक्त प्रविहित किया गया हो। निम्नलिखित धारा 10 देखें।

3.10. इस प्रतियोगिता के आधिकारिक नियमों की व्याख्या तथा उनको लागू करना और यहाँ तक ही सीमित नहीं, परंतु इससे संबंधित सभी बाबतो में ऑर्गेनाईज़र के निर्णय आखिरी और बाध्यकर्ता हैं। इस प्रतियोगिता में प्रवेश करने से, एन्ट्रंट पूर्णतया और बिना किसी शर्त के इन नियमों तथा ऑर्गेनाईज़र के निर्णयों के बाध्य होना कबूल रखते हैं, जो इस प्रतियोगिता की सभी बाबतों में आखिरी और बाध्यकर्ता रहेंगे। एक बार उपयोगकर्ताओं ने मॉडेल प्रस्तुत कर लिया हो उसके बाद वे अपनी प्रस्तुति बदल नहीं सकते हैं। वह मॉडेल ऑटोमेटिकली मूल्यांकित किया जाएगा और लीडरबोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा।

## 4. समिट सर्किट रेसिस के समय।

4.1. समिट सर्किट रेसिस हर AWS समिट इवेंट के दौरान उस समय आयोजित किए जाएंगे कि जब AWS समिट एक्सपो हॉल जनता के लिए खुला रहता है (स्थानिक समय करीब सुबह के 9.30 से

लेकर दोपहर के 4 बजे तक)। प्रत्येक रेस AWS समिट एक्सपो हॉल जनता के लिए खुलने के करीब एक (1) घंटे के बाद शुरू होगी। उस दिन की रेसिंग AWS समिट एक्सपो हॉल बंद होने के करीब 45 मिनट पहेले समाप्त होगी। AWS समिट एक्सपो के दौरान AWS समिट एक्सपो हॉल खुला रहने के घंटो के दरम्यान जितने समय तक रेसिंग ऊपलब्ध होती है वह "**रेस पीर्यड**" होता है।

5. **समिट सर्किट रेसिंग**

5.1. रजिस्ट्रेशन /प्रस्तुतिकरण

5.1.1. AWS समिट एक्सपो हॉल के अंदर किसी रजिस्ट्रेशन कियोस्क पर रजिस्टर करें। एन्ट्रंट की पदवी, नाम, उपनाम, उर्फ, राष्ट्र, ईमेल तथा फोन नंबर) 1] पेश करें, और इन आधिकारिक नियमों को स्वीकार करें।

5.1.2. प्रतिनिधि (प्रोक्सी) निषेध। AWS समिट रेसिस स्वतः उपस्थित इवेंट हैं। इसमें भाग लेने के लिए आप को खुद शारीरिक रूप से उपस्थित होना और खुद प्रशिक्षित किया हुआ रीइन्फोर्समेन्ट लर्निंग मॉडेल का संचालन करना आवश्यक है। "प्रोक्सी" रेसर (जो किसी अन्य व्यक्ति की ओर से मॉडेल का संचालन करते हैं, चाहे वह व्यक्ति खुद हाज़िर हो या दूर हो), किसी भी अपवाद बिना बिल्कुल मना है।

5.2. प्रशिक्षित (ट्रैईंड) रीइन्फोर्समेन्ट लर्निंग मॉडेल

5.2.1. एन्ट्रंट प्रशिक्षत रीइन्फोर्समेंट लर्निंग मॉडेल ला सकते हैं जिसे AWS डीपरेसर उपकरण पर वायरलेस ट्रान्सफर द्वारा अपलोड किया जाएगा। USB द्वारा ट्रान्सफर की अनुमति नहीं दी जाएगी, और एन्ट्रंट को अपने मॉडेल को भौतिक उपकरण पर ट्रान्सफर करने के लिए AWS ने पेश किए हुए समाधान का प्रयोग करने के लिए तैयार रहेना होगा।

5.2.2. एन्ट्रंट का मॉडेल सिंगल सेंसर कॉन्फिगरेशन से प्रशिक्षित किया होना ज़रूरी है।

5.2.3. एन्ट्रंट का प्रशिक्षित रीइन्फोर्समेंट लर्निंग मॉडेल AWS डीपरेसर उपकरण पर लोड किया जाएगा जिसे रेसिंग के पर्यवेक्षण के लिए नियत किए गए ऑर्गेनाईज़र के एक या एक से अधिक नियुक्ताओ ("**AWS पिट क्रू के सदस्य(सदस्यों**)") ने केलिब्रेट और पुष्टि की हो कि वह उस उपरकण के भंडार के कार्यसाधक विनिर्देशों को परिपूर्ण करता है, जिससे कि कोई एक युनिट को अधिक लाभदायी या उपेष्टतम न पहचाना जाए, जिसका AWS पिट क्रू के सदस्य का निर्धारण आखिरी होगा। AWS पिट क्रू के सदस्य AWS पिट क्रू के नियत नेता ("**AWS पिट क्रू बॉस**") के निरीक्षण व प्रबंधन के अधीन हो सकते हैं।

5.2.4. आप केवल AWS द्वारा पेश किए हुए AWS डीपरेसर उपकरण से ही रेस कर सकते हैं। उसके बदले किसी और उपकरण का प्रयोग (उपकरण का प्रतिस्थापन) की अनुमति नहीं दी जाएगी सिवाय के AWS पिट क्रू बॉस अपने एकाकी विवेकाधिकार से उसे आवश्यक समझे।

5.3. रेसिंग।

5.3.1. किसी रेस में हो सकता है कि उस खास रेस के लिए कुछ विशिष्ट क्षेत्र नियम, यदि उपयुक्त हैं, तो इसे वहाँ एक बोर्ड पर दर्शाया जाएगा, जो यदि लागू होते है तो इन आधाकारिक नियमों मे◌े◌ं जो कुछ भी उनसे विपरित हो तो वे उसका स्थान लेंगे।

5.3.2. यदि कोई रेसर किसी भी कारणवश अपने निर्धारित रेस में भाग लेने में असफल रहें तो वह अपनी बारी खो देंगे (फोरफीट करेंगे)। जो एन्ट्रंट अपने रेस के नियोजित समय पर उपस्थित न रहें उनको दोबारा तक, प्रतिपूर्ति की तक,या रेस में भाग लेने का वैकल्पिक समय पेश नहीं होगा।

5.3.3. प्रत्येक रेस के लिए एक रेस ट्रैक नियत किया हुआ होगा। सिवाय इसके कि aws.amazon.com/deepracer/league पर लिखित रूप से इसके अतिरिक्त प्रकाशित किया गया हो, सभी समिट प्रतिस्पर्धाओं के लिए A to Z Speedway ट्रैक का ऊपयोग किया जाएगा, और दक्षिणावर्ती दिशा में टाईम ट्रायल फॉर्मेट में रेस होगी।

5.3.4. एन्ट्रंटों को अपने सब से तेज वैध फेरे का समय (लैप टाईम) (ऑर्गेनाईज़र के विवेकाधिकार अनुसार चयन किए हुए टाईमिंग डिवाईस पर 1} AWS के नियुक्ता के रिकार्ड करने के अनुसार) दर्ज करने के लिए दो (2) मिनटों का समय मिलेगा। तद्पश्चात एन्ट्रंट का लैप टाईम जीवंत रेस लीडर बोर्ड पर, उसके क्रम और उपनाम के साथ दर्ज किया जाएगा।

5.3.5. बशर्ते कि समाई की उपलब्धि हो, एन्ट्रंट एक से अधिक बार रेस कर सकता/सकती है और उसका सब से तेज टाईम ही कायम किया जाएगा।

5.3.6. सभी टाईमिंग ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकार से चयन किए गए टाईमिंग स्ट्रिप, स्टॉपवॉच, या किसी अन्य टाईमिंग उपकरणों के ऊपयोग द्वारा AWS पिट क्रू के सदस्य निर्धारित करेगा/करेगी। AWS पिट क्रू के निर्णित किए गए रेसिंग टाईम आखिरी हैं।

5.3.7. रेस का फेरा (लैप) वैध होने के लिए, उपकरण को ट्रैक की निर्देशित दिशा के अनुसार पूरे ट्रैक का एक फेरा पूर्ण करना आवश्यक है, जो उस वक्त से शुरू होगा जब कि उपकरण के अगले पहिये रेस की प्रारंभ रेखा (स्टारटिंग लाईन) को छू ले (जब गतिमान हो), या रेखा पर खडे हो (जब ठहराव की स्थित◌ि से आरंभ कर रहे हो) तब उपकरण के अगले पहिये फिर से प्रारंभ रेखा को छू ले। यदि कोई वैध फेरा संपन्न होने से पहले रेस टाईमर पूरा हो गया हो तो एन्ट्रंट को दर्ज करने के लिए वैध लैप टाईम नहीं होगा और उसे 'पूर्ण नहीं किया' (डिड नॉट फिनिश "**DNF**") मार्क किया जाएगा। DNF प्रयास को लीडर बोर्ड की सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

5.3.8. एक बार प्रयास की शुरुआत हो जाए उसके बाद आप प्रारंभ रेखा पर से फिर शुरू करने के लिए विनंती नहीं कर सकेंगे। नये फेरे का आरंभ करने के लिए मॉडेल को हाल का फेरा पूरा

करना ज़रूरी है। प्रयास को शुरू हो चुका तब माना जाएगा कि जब वाहन के अगले पहिये प्रथम फेरे के लिए प्रारंभ रेखा का उल्लंघन करें।

5.3.9. यदि किसी भी बिंदु पर उपकरण AWS पिट क्रू के सदस्य द्वारा उसके एकाकी विवेकाधिकार से निर्धारित चलाने योग्य सतह को छूना छोड़ दें, (ड्राईवेबल सर्फेस का विवरण है काली सडक और ट्रैक बोर्डर की सफेद लकीरें) तो AWS पिट क्रू का/की सदस्य, सलामत और नियंत्रित तौर पर कार्यशील होकर उपकरण को ट्रैक के पीछले सही बिंदु पर फिर से लगा देने के लिए अपने यथोचित सर्वोत्तम प्रयत्न कर सकता/सकती है, सही बिंदु से मतलब है, पीछला वह बिंदु जहाँ पर उपकरणने चलने योग्य सतह को छूआ था।

5.3.10. यदि किसी एन्ट्रंट का उपकरण रेस के दौरान गलत दिशा में चलने लगे, यानि कि AWS पिट क्रू के सदस्य द्वारा उसके एकाकी विवेकाधिकार से निर्धारित दिशा से विपरित दिशा में, तो AWS पिट क्रू का/की सदस्य, सलामत और नियंत्रित तौर पर कार्यशील होकर उपकरण को ट्रैक के पीछले सही बिंदु पर सही दिशा की ओर फिर से लगा देने के लिए अपने यथोचित सर्वोत्तम प्रयत्न कर सकता/सकती है।

5.3.11. जब किसी प्रयास में प्रथम फेरे की शुरूआत की जा चुकी हो उसके बाद काऊंटडाउन घडी को रोका या पुनः शुरू किया नहीं जाएगा, सिवाय के अधिकृत AWS पिट क्रू बोस के एकाकी और अबाध्य विवेकाधिकार के तहत।

5.3.12. रेस के दौरान केवल AWS पिट क्रू बॉस या उनके पदांकित AWS पिट क्रू के सदस्य को ट्रैक पर जाने की छूट रहेगी। किसी भी परिस्थिति में एन्ट्रंट को ट्रैक की सतह पर खड़े रहने की अनुमति नहीं है।

5.4. <u>परिसीमन</u>।

5.4.1. शिखर सर्किट के इवेंट्स बहुत व्यस्त हो सकते हैं। ऑर्गेनाईज़र इस बात की गारंटी नहीं देता है कि सभी रजिस्टर्ड एन्ट्रंट रेस कर पाएंगे या एक से ज़्यादा रेस में भाग ले सकेंगे।

5.4.2. एन्ट्रंट को ज़रूरी है कि वह एक डीपरेसर मॉडेल का निर्माण करे जो निर्देश निर्मित हो सकता है अथवा तो AWS कोन्सौल (“AWS डीपरेसर रीइन्फोर्समेंट लर्निंग मॉडेल”) पर ऊपलब्ध रिवॉर्ड फंक्शन के नमूनों में से किसी एक को अनुकूलित किया गया हो। एन्ट्रंट किसी भी निश्चित वर्चुअल रेस में अनेकाधिक मॉडेलों की प्रविष्टि कर सकता/सकती है परंतु केवल एन्ट्रंट के सर्वश्रेष्ठ लैप टाईम को ही कायम रखा जाएगा।

5.4.3. किसी एन्ट्रंट को उसके विघातक बर्ताव या किसी भी प्रकार के दुराचार जिसमें शामिल परंतु इससे सीमित नहीं, अन्य या अपर नामों का ऊपयोग, अनुचित रेसिंग सामग्री का ऊपयोग, कलुषित, अपयाशकारी, उल्लंघनकर्ता या गैरकानूनी व्यवहार की वजह से (जिसका निर्धारण AWS अपने एकाकी विवेकाधिकार से करेगा) AWS उसको प्रतिबंधित करने का या अन्यथा भाग लेने से हटा देने का अधिकार रखता है।

5.4.4. यदि किसी रेस में दो या इससे अधिक एन्ट्रंट का लैप टाईम बिलकुल एक समान हो ऐसा घटित होता है तो विजेता वह एन्ट्रंट होगा जिसने अपना लैप टाईम पहेले संपन्न किया हो, जिसे यह देखकर निर्णित किया जाएगा कि किस एन्ट्रंट के प्रस्तुतिकरण ट्रैक से परे (ऑफ ट्रैक) सब से कम मात्रा में दंडित है।

5.5. <u>रेस के परिणाम।</u>

5.5.1. रेस के दौरान, इवेंट साईट पर स्थित भौतिक लीडर बोर्ड पर आधिकारिक लीडर बोर्ड क्रमांक (रेंकिंग) वास्तविक समय में प्रदर्शित होगा। रेस समाप्त होने के बाद, रेस के परिणाम (उर्फ, क्रमांक, लैप टाईम, राष्ट्र) AWS डीपरेसर वेबसाईट पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

5.5.2. रेसों के बारे में ऑर्गेनाईज़र के सभी निर्णय एवं निर्धारण आखिरी होंगे।

5.6. <u>संभावित विजेताओं की अधिसूचना और सत्यापन</u>।

5.6.1. उपयुक्त रेस पीर्यड के समापन के पश्चात, ऑर्गेनाईज़र सत्यापन की कार्यवाही शुरू करने के लिए निम्नलिखित संभावित विजेताओं को चिन्हित करेगाः

5.6.1.1. तीन (3) सर्वोच्च सब से तेज रेसरों, (ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकर से निर्धारित)के रेस पीर्यड दरम्यान उनके श्रेष्टतम प्रयास के एकमात्र सब से तेज लैप टाईम के आधार पर ("**पोटेंशल टॉप 3**")।

5.6.1.2. सब से तेज एक (1) रेसर (ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकर से निर्धारित) रेस पीर्यड के दरम्यान उसके श्रेष्टतम प्रयास के एकमात्र सब से तेज लैप टाईम के आधार पर AWS सर्किट इवेंट के विजेता होंगे ("**पोटेंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर**")।

5.6.2. निष्पक्ष मानदंड के आधार पर ऑर्गेनाईज़र और/अथवा एडमिनिस्ट्रेटर उसके/उनके एकाकी विवेकाधिकार के तहत अतिरिक्त पोटेंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर को नामित कर सकते हैं।

5.6.3. ऑर्गेनाईज़र निर्दिष्ट कूल संपन्नकर्ताओं (फिनिशर्स) से कम संख्या में फिनिशर्स का चयन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है यदि AWS डीपरेसर रीइन्फोर्समेंट लर्निंग मॉडेल की प्रविष्टियाँ आधिकारिक नियमों में निर्दिष्ट संख्या से कम हो अथवा तो निर्दिष्ट संख्या से कम सत्यापन, दायित्वमुक्ति (रीलीज़) और सुरक्षा की निम्नलिखित आवश्यकताओं के साथ सहमत हों।

5.6.4. पोटेंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर प्रमाणीकरण कार्यवाही के अधीन है जिस में पोटेंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर को ऑर्गेनाईज़र और/अथवा एडमिनिस्ट्रेटर के नियत किए गए समयकाल के अंदर कुछ जानकारी पेश करनी होगी। पोटेंशल इंविटेशन प्राईज़ विनरों द्वारा प्रस्तुत की हुई जानकारी के आधार पर,ऑर्गेनाईज़र अपने एकाकी और अबाध्य

विवेकाधिकार से यह निर्णय करेगा कि क्या प्रत्येक पोटैंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर को पक्का इन्विटेशन प्राईज़ विनर घोषित किया जाए या नहीं।

5.6.5. उसके प्रमाणीकरण कार्यवाही के अनुसार, जिसे ऑर्गेनाईज़र और/अथवा एडमिनिस्ट्रेटरने अपने एकाकी विवेकाधिकार के तहत निर्धारित किए हुए समयकाल के अंतर्गत हो जाना चाहिए, ऑर्गेनाईज़र और/अथवा एडमिनिस्ट्रेटर पोटैंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर्स से चाहेंगे कि वेः

5.6.5.1. पहचान, निवास स्थान एवं उम्र के सबूत के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए अधिकृत पहेचान प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें;

5.6.5.2. दस्तावेजो को मंजूर करें, उन पर हस्ताक्षर करें और दर्ज करें जो इन बाबतों के पुष्टि करते हैं

5.6.5.2.1. पात्रता;

5.6.5.2.2. अपने AWS डीपरेसर रीइन्फोर्समेंट लर्निंग मॉडेल पर मालिकी अधिकार, यदि उपयुक्त हो तो;

5.6.5.2.3. ऑर्गेनाईज़र सार्वजनिक घोषणा न करे तब तक इंविटेशन प्राईज़ विनर की पदवी गोपनीय रखने की सम्मति; और

5.6.5.2.4. ऑर्गेनाईज़र और दायित्वमुक्त पक्षों (रिलीज़्ड पार्टिज़) की दायित्वमुक्ति(रीलीज़);

5.6.5.3. सहमत हैं कि ऑर्गेनाईज़र (अथवा उसके नियत एजंट) , उपयुक्त ;कानून के अधीन, एन्ट्रंट की पाश्वभूमिका की जाँच पड़ताल कर सकता हैं;

5.6.5.4. प्रचार विज्ञप्ति मंजूर करें, उस पर हस्ताक्षर करें और दर्ज करे, जहाँ तक कि उनके निवास स्थान के अधिकार-क्षेत्र में अनुमत हो;

5.6.5.5. IRS फॉर्म W-9 (जो संभावित है कि US निवासियों को लागू होता है) अथवा उपयुक्ति अनुसार IRS फॉर्म W8-BEN ((जो संभावित है कि US को अनिवासियों पर लागू होता है), वे फॉर्म पूर्ण करके ऑर्गेनाईज़र (अथवा उसके नियत एजंट) को प्रस्तुत करें ("**IRS**" का मतलब है इंटर्नल रेवन्यू सर्विस, जो United States का आयकर प्राधिकरण है);

5.6.5.6. 2023 डीपरेसर चौंप्यनशिप कप फाईनेल्स के दरम्यान अपने वैयक्तिक प्रोफाईल तथा प्रतियोगिता के संबंधित अन्य विषयों के बारे में विडीयो या टेलिफोन पर इंटरव्यू के लिए ऑर्गेनाईज़र को मिलने के लिए उपलभ्ध होना मंजूर करें;

5.6.5.7. प्रमाणित करें कि प्रतियोगिता में इनायत किया गया कोई भी पुरस्कारः

5.6.5.7.1. कोई भी तृतीय-पक्ष के अधिकारों या दायित्व जिसमें असीमित तौर पर शामिल है किसी नियोक्ता की नीतियों या प्रक्रियाओं का उल्लंघन नहीं करेगा; और

5.6.5.7.2. किसी समझौते के बदले में नहीं है जो ऐसे कोई भी हाल ही के, अभी अपूर्ण, अथवा तो अपेक्षित कार्य या निर्णय को प्रभावित करे जिसके परिणाम स्वरूप ऑर्गेनाईज़र कोई नया कारोबार पा सके या कायम कर सके या कोई व्यापारी फायदा उठा सके;

5.6.5.8. U.S. के भीतर या U.S. की यात्रा करने के लिए एन्ट्रंट की उपलब्धता की पुष्टि करें, जिसमें शामिल हैं, वैध पहचान का सबूत, पासपोर्ट और फाईनल्स में भाग लेने के लिए ट्रावेल विज़ा;

5.6.5.9. दर्शाएं और गारंटी दें, कि निम्नलिखित व्याख्या के अनुसार, एन्ट्रंट कोई ऐसा कार्य या निवेदन नहीं करेंगे जो ऑर्गेनाईज़र या अन्य रिलीज़्ड पार्टिज़ को अपनानित करे या उनके नाम, प्रतिष्ठा या साख पर प्रतिकूल प्रभाव डाले; और

5.6.5.10. फाईनल्स से संबंधित यात्रा के टाईमिंग तथा आवश्यकताओं का स्वीकार करें।

5.6.6. यदि एन्ट्रंट की उम्र एन्ट्रंट के निवास स्थान के अधिकार-क्षेत्र में वयस्क उम्र से कम है, तो एन्ट्रंट को ये आधिकारिक नियमों को अपने मातापिता को या लीगल गार्डियन को दिखाना और इन आधिकारिक नियमों में सम्मत होने के लिए, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तथा प्रायोजक क ो अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए उनकी अनुमति लेना ज़रूरी है। जहाँ मातापिता की अनुमति ज़रूरी है, एन्ट्रंट को यह सबूत पेश करना होगा कि उसके मातापिता या गार्डियन ने उसको प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति दी है, या आवश्यता होने पर, इस हकीकत को पुष्टिकर्ता दस्तावेज ऐसे रूप में तामिल करना होगा जो प्रायोजक के एकाकी विवेकाधिकार में, प्रायोजक को यथोचित रूप से स्वीकार्य हो। पोटैंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर को जो भी दस्तावेजो को तामिल करना होगा उन सब पर अवयस्क के मातापिता या लीगल गार्डियन के हस्ताक्षर होना ज़रूरी है।

5.6.7. इन आधिकारिक नियमों के सत्यापन तथा ऑर्गेनाईज़र द्वारा पुष्टिकृत अनुपालन के अधीन, पोटैंशल इंविटेशन प्राईज़ विनर, "**इंविटेशन प्राईज़ विनर**" होगा।

## 6. बौद्धिक सम्पदा।

6.1. प्रवेश करने पर, अपने निजी रीइन्फोर्समेन्ट लर्निंग मॉडेल ("**सबमिशन**") का प्रयोग करनेवाले हर एन्ट्रंट इन निम्नलिखित बातों की गारंटी देते हैं और दर्शाते हैं कि: (a) एन्ट्रंट उस सबमिशन के एकाकी एवं अनन्य मालिक है और यहाँ उल्लिखित के अनुसार एन्ट्रंट ऑर्गेनाईज़र को सबमिशन के सभी लाइसेंस प्रदान करने के लिए सभी उचित अधिकार, सत्ता और प्राधिकार धारी है; (b) एन्ट्रंट किसी भी पूर्व संविदात्मक, नियुक्ति या तृतीय पक्ष की ओरप्रतिबद्धताओं के अधीन नहीं

है जो एन्ट्रंट के सबमिशन के निर्माण या प्रविष्ट करने की क्षमता को प्रतिबंधित कर सकते हैं; (c) सबमिशन किसी भी तृतीय पक्षों के किसी भी अधिकारों का अतिलंघन नहीं करेगा, और एन्ट्रंट सबमिशन के विकास या अन्तर्विष्ट कोई भी तृतीय पक्षीय विषयवस्तु या टेक्नॉलॉजी का उपयोग करने का और ऑर्गेनाईज़र को उपयोग करने का अधिकार प्रदान करने के लिए सभी उचित अधिकारों का धारी है; (d) उपयुक्त कानून के तहत जहाँ तक शक्य हो, कोई भी पक्ष सबमिशन से संबंधित कोई भी नैतिक अधिकारों को लागू नहीं कर सकते हैं जिनका यथोचित तौर पर त्याग नहीं किया गया हो; (e) सबमिशन और एन्ट्रंट का सहभागी होना किसी भी स्थानीय, राज्य, प्रांतीय, राष्ट्रीय या विदेश के कानून का उल्लंघन नहीं करता है; (f) सबमिशन में किसी भी तृतीय पक्ष की गोपनीय जानकारी समाविष्ट नहीं है, और जहाँ तक उसमें एन्ट्रंट की गोपनीय जानकरी समाविष्ट है, वह एन्ट्रंट के ऑर्गेनाईज़र को अपनी सबमिशन पेश करते ही तुरंत उसी क्षण वह जानकरी गैर-गोपनीय हो जाती है और (g) सबमिशन किसी एंटिटी के हेतु पेश नहीं की जा रही हे, जिसमें, असीमित तौर पर, कोई भी शिक्षा संस्थान या कोई भी अन्य तृतीय पक्ष शामिल हैं।

6.2. सबमिशन का उपयोग करके भाग लेने से एन्ट्रंट स्वीकार करता है और सहमत होता है कि ऑर्गेनाईज़र और उसके नियुक्त (i) लगातार और प्रतियोगिता और एन्ट्रंट के सबमिशन से स्वतंत्र रूप से ऑर्गेनाईज़र के उत्पाद तथा सर्विस प्रस्तावों के सृजन, विकास, सुधार और विस्तार करने में कार्यरत हैं, जिसमें स्वसंचालित कार टेकनोलॉजी, सहायक उपकरण एवं सिस्टम का समर्थन शामिल हैं, और वे सबमिशन के समान अथवा तो बिल्कुल समरूप उत्पाद, सर्विसीज़, टेकनोलॉजी, नेटवर्क, सोफ्टवेयर और सिस्टम के विकास में पहेले से ही जुडे हुए हैं या भविष्य में विकसित करने वाले हैं, और (ii) वे एन्ट्रंट ने प्रस्तुत किए हुए सबमिशन के समान अथवा तो बिल्कुल समरूप सबमिशन अन्य एन्ट्रंटस् की ओर से प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रवेश करने से, एन्ट्रंट इसके द्वारा ऑर्गेनाईज़र को एन्ट्रंट के सबमिशन से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार का उपयोग करने के लिए मुक्त करता है, और इसके द्वारा सम्मत होता है कि वह ऑर्गेनाईज़र के किसी भी उत्पाद, सर्विसीज़, टेकनोलॉजी, नेटवर्क, सोफ्टवेयर और सिस्टम द्वारा एन्ट्रंट के सबमिशन से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार के वास्तविक या कथित उल्लंघन या दुर्विनियोग के लिए ऑर्गेनाईज़र, उसके नियुक्ताओं, डिरेक्टरों, संबद्ध कंपनियों, अधिनस्थ कंपनियों, मूल कंपनियों, एजंटो, उत्तराधिकारियों और हस्तान्तरितियों पर मुकदमा दायर नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त, इससे एन्ट्रंट ऑर्गेनाईज़र ने किए हुए सबमिशन का रिव्यू तथा/अथवा प्रयोग से संबंधित अपने सभी दावों का अधित्याग करता है जो शायद पहेले थे, शायद हाल में हैं तथा/अथवा शायद भविष्य में हो सकते हैं, और सहमत होता है कि ऑर्गेनाईज़र एन्ट्रंट के सबमिशन का रिव्यू, उपयोग या किसी भी तरह से संसाधित करने के लिए बाध्य नहीं है। और आगे, ऑर्गेनाईज़र कोई भी टेकनोलॉजी या नवोन्मेश जो एन्ट्रंट के सबमिशन से स्वतंत्र रूप से निर्माण किए गए हो उसे, एन्ट्रंट से स्वतंत्र और ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकार से

जिस किसी भी तरह ऑर्गेनाईज़र मुनासिब समझे, उसके पीछे लगे रहना, विकसित करना या बाज़ार में चलाने से ऑर्गेनाईज़र किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं है ओर न तो होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से न तो एन्ट्रंट के लिए और ना तो ऑर्गेनाईज़र के लिए व्यापारी संबंध बनाने की या व्यापारिक अनुबंध करने की बाध्यता खड़ी होती है,और एन्ट्रंट स्वीकार करता है कि प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को प्रोत्साहित करने का है कि वे अपने आईडिया और नवोन्मेश ऑर्गेनाईज़र को बताएं।

6.3. विजेता जानते हैं और सहमत हैं कि सबमिशन से जुड़े व्यापारी विपणन के अनन्य तृतीय पक्ष अधिकार तथा उसके परिणामतः कोई भी व्यापारी विकास अधिकार ऑर्गेनाईज़र को प्राप्त होंगे।

7. **पुरस्कार।**

7.1. <u>एक (1) इंविटेशन विनर प्राईज़</u>**:** रेसर चैम्पयनशिप कप फाईनल्स में जाने की यात्रा (ट्रावेल) और हाज़िरी (“**ट्रिप प्राईज़**”).

7.1.1. ट्रिप प्राईज़ में शामिल है इंविटेशन प्राईज़ विनर के लिए Las Vegas, Nevada, U.S.A. में आयोजित होनेवाली 2023 डीपरेसर चैम्पयनशिप कप फाईनल्स में छह 6) दिन, पांच (5) रात्रि की ट्रिप।

7.1.2. ट्रिप प्राईज़ में शामिल है इंविटेशन प्राईज़ विनर के निवास स्थान से सबसे नज़दीकी प्रमुख द्वार एयरपोर्ट से इकोनॉमी (कोच) क्लास की वापसी यात्रा टिकट, AWS re:Invent 2023 में भाग लेने लिए एक (1) कॉन्फरन्स पास, Las Vegas में होटल में ठहरने (एकोमोडेशन) का खर्च, और खानेपीने और स्थानिक परिवहन के USD $400 का स्टाइपेंड। होटेल का चयन ऑर्गेनाईज़र अपने एकाकी विवेकाधिकार से करता है। टैक्सिज़(करों), ग्रेचुइटीज़, ट्रावेल अपग्रेड, बुकिंग हो जाने के बाद यात्रा कार्यक्रम या यात्रा का टाईमिंग बदलना; प्रमुख द्वार एयरपोर्ट पहुंचने का खर्च, यदि 2023 डीपरेसर चैम्पयनशिप कप फाईनल्स में कोई ट्रोफी या अन्य पुरस्कार जो इंविटेशन प्राईज़ विनर 2023 डीपरेसर चैम्पयनशिप कप फाईनल्स में जीत सकता है, उसे वापिस घर ले जाने से संबंधित ट्रान्पोर्टेशन खर्च, एवं कोई भी अन्य व्यय जो इस सूचि में विशेष रूप से नामित नहीं हैं, उन सब के लिए इंविटेशन प्राईज़ विनर जिम्मेदार है। ट्रावेल और ठहरने के स्थान (एकोमोडेशन) उपलब्धि पर निर्भर हैं; कुछ नियंत्रण, स्थानिक हेल्थ कंडीशनस् और ब्लैकआउट की तारीखें लागू हो सकते हैं।

7.1.3. इंविटेशन प्राईज़ विनर को निर्दिष्ट तारीखों पर 2023 डीपरेसर चैम्पयनशिप कप फाईनल्स में हाजिर होने के लिए ऊपलब्ध रहेना ज़रूरी है, वरना वह प्राईज़ पाने का अधिकार खो बैठेंगे (प्राईज़ फोरफीट हो जाएगा) और उसे किसी वैक्लिपिक व्यक्ति को इनायत हो सकता है (या नहीं)। फ्लाईट की देरी, कैन्सेलेशन या फ्लाईट से संबंधित अप्रत्याशित घटनाओं के लिए ऑर्गेनाईज़र जिम्मेदार नहीं है।

7.1.4. ट्रावेल प्राईज़ के पेकेज के स्वीकार तथा उपयोग के संबंधित वैध पहचानपत्र तथा ट्रावेल विज़ा हासिल करना केवल इंविटेशन प्राईज़ विनरों की अपनी जिम्मेदारी हैं, और उनको सभी उपयुक्त हेल्थ आवश्यकताओं का अनुपालन करना होगा।

7.1.5. यदि इंविटेशन प्राईज़ विनर की प्राईज़ स्थल से निकटता के कारण ऑर्गेनाईज़र की राय में हवाई सफर ज़रुरी नहीं है, तो राउंडट्रिप हवाई सफर के बदले में ऑर्गेनाईज़र अपने ऐकाकी विवेकाधिकार के तहत ज़मीन परिवहन की व्यवस्था करेगा। खोये हुए, कटेफटे, या चुराए गए ट्रावेल टिकट, ट्रावेल वाउचर, या सर्टिफिकेट के बदले में ऑर्गेनाईज़र नये उपलब्ध नहीं करेगा।

7.1.6. इनायत किए गए इंविटेशन प्राईज़ का अनुमानित कूल मूल्य इंविटेशन प्राईज़ विनर के देश/निवास स्थान के अधिकार-क्षेत्र तथा उपयुक्त परिवहन खर्च पर निर्भर करेगा (संभावित रेन्जः USD $4,500 से USD $6,000)।

7.2. <u>तीन (3) सर्वोच्च (टॉप 3) प्राईज़</u>:

7.2.1. एक AWS डीपरेसर उपकरण (मूल्य $400 USD) और AWS डीपरेसर समिट सर्किट ट्रॉफी।

7.2.2. पोटेंशल टॉप 3 एंट्रन्ट को रेस पीर्यड के समापन में उपस्थित होना आवश्यक है वरना वह प्राईज़ पाने का अधिकार खो बैठेगा/बैठेगी (प्राईज़ फोरफीट होगा)। प्राईज़ के शिपिंग या समन्वय की कोई व्यवस्था पेश नहीं की जाएगी।

7.3. <u>सर्वसामान्य प्राईज़ प्रतिबंधन</u>:

7.3.1. पुरस्कार नॉन-ट्रान्स्फरेबल हैं। इनके बदले में कोई और चीज़ या पैसे की लेनदेन मना है। यदि कोई पुरस्कार उपलब्ध नहीं है तो ऑर्गेनाईज़र उसके बदले में उसके बराबर या उससे अधिक मूल्य का पुरस्कार देने का अधिकार रखता है। सभी राष्ट्रीय, फेडेरल, राज्य, प्रांतीय और स्थानिक टैक्स तथा अनिर्दिष्ठ व्यय(जिसमें शामिल हैं सामाजिक अनुदान (सोशल कॉंट्रीब्यूटेशन्स तथा/अथवा VAT टैक्स, जहाँ उपयुक्त हो) ये सब प्रत्येक इंविटेशन प्राईज़ विनर की जिम्मेदारी हैं।

7.3.2. पोटेंशल विनरों को पुरस्कार इनायत होना इस स्पष्ट आवश्यक्ता के अधीन है कि वे ऑर्गेनाईज़र को ऑर्गेनाईज़रने मांगे हुए सभी दस्तावेज प्रस्तुत करें जिससे वह युनाइटेड स्टेट्स के एवं उनके अपने अपने अधिकार-क्षेत्रों के सभी उपयुक्त राष्ट्रीय, फेडेरल, राज्य, प्रांतीय और स्थानिक या अन्य टैक्स रिपोर्टिंग कानून या विनियमनों का अनुपालन कर सके। यदि उपयुक्त हो तो सभी पुरस्कार उन टैक्स को काट लिए जाने के बाद के होंगे जो ऑर्गेनाईज़र से कानूनी आवश्यता हैं। जहाँ तक कि कानून अनुमति देता है पुरस्कारों पर लगाए गए सभी टैक्स केवल विजेताओं की अपनी जिम्मेदारी है।

7.3.3. यदि कोई एन्ट्रंट ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकार के तहत अपेक्षित समयकाल के अंतर्गत ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने या ज़रूरी फॉर्म भरने या दायित्वों को पूर्ण करने से इनकार करे तो परिणामतः उस विजेता का पुरस्कार फोरफीट हो जाएगा।

7.3.4. **परिसीमा**: **एक (1) पुरस्कार श्रेणी प्रति व्यक्ति प्रति कैलेंडर वर्ष।** इसलिए कि AWS पूर े वर्ष दरम्यान अन्य रेसिंग फॉर्मेट चलाता है, जिनमें इसी के समान डीपरेसर उपकरणों (अथवा डीपरेसर उपकरण के लिए $400 की राशि जमा), और ट्रिप प्राईज़ इनायत किए जाते हैं, ऑर्गेनाईज़र एक ही केलैन्डर वर्ष में दो बार एक ही व्यक्ति को वही पुरस्कार श्रेणी इनायत नहीं करेगा। तदनुसार, कोई एन्ट्रंट प्रतियोगिता में भाग लेना चालु रख सकता है, परंतु यदि उसने 2023 में पहले कोई पुरस्कार जीत लिया हो तो, ऑर्गेनाईज़र के एकाकी विवेकाधिकार के तहत निर्णित करने पर व उसका पुरस्कार को फोरफीट हो जाएगा।

7.3.5. यदि किसी भी कारणवश कोई पुरस्कार फोरफीट हो जाता है तो ऑर्गेनाईज़र फोरफीट के पात्र एन्ट्रंट को हटाने के बाद लीडर बोर्ड स्थितिनुसार ऑर्गेनाईज़र अपने एकाकी विवेकाधिकार के तहत निर्णित वैकल्पिक संभावित विजेता को नामित कर सकता है।

**8. दायित्वमुक्ति (रिलीज़)।**

8.1. हिस्सा लेकर, लागू होने वाले कानून के अनिवार्य प्रावधानों द्वारा अनुमत सीमा तक, और गैर-बहिष्कृत गारंटियों (परिभाषा निम्नलिखित है) के अधीन एंट्रंट और विजेता इस बात से सहमत होते हैं कि वे ऑर्गेनाइजर, उसके प्रमोशनल साझेदारों, और उनकी विज्ञापन एवं प्रचार एजंसियों, कॉन्टेंट प्रदाताओं, कॉन्टेंट निर्माताओं एवं वितरकों और उनमें से हरेक की अपनी-अपनी मूल कंपनियों, संबद्ध कंपनियों, अफिलिएट्स, साझेदारों, प्रतिनिधियों, एजेंटों, उत्तराधिकारियों, निर्दिष्ट व्यक्तियों, कर्मचारियों ं,अधिकारियों एवं निदेशकों (सामूहिक रूप से इन्हें **'रिलीज्ड एंटिटीज'** के नाम से संबोधित किया जाता है) को प्रतियोगिता के लिए प्रस्तुति, यात्रा, या सहभागिता से संबंधित या पुरस्कार का दुरुपयोग अथवा प्रतियोगिता से जुड़े किसी कार्रवाई में सहभागिता से संबंधित या प्रचार अधिकारों, मानहानि, गोपनीयता का उल्लंघन, कॉपीराइट हस्तक्षेप, ट्रेडमार्क हस्तक्षेप, या किसी भी अन्य तरह की बौद्धिक संपदा से जुड़ी कार्रवाई से संबंधित किसी भी नुकसान, हानि, क्षति, चोट, किसी भी प्रकार की लागत या खर्च से जुड़े किन्हीं और सभी देयता से मुक्त करते हैं और उन्हें हानिरहित ठहराते हैं जिसमें बिना किसी सीमा के संपत्ति को पहुँचा नुकसान, व्यक्तिगत चोट, एवं अथवा मृत्यु जैसी घटनाओं से देयता का मुक्त होना भी शामिल है।

**9. देयता की सीमा**; **वारंटियों का अस्वीकरण।**

9.1. उपयुक्त कानून के अनिवार्य प्रावधान अनुसार अनुमति की पूर्णतया सीमा तक, किसी भी घटित परिस्थिति में रिलीज्ड एन्टिटियों, डीरेक्ट, ईन्डीरेक्ट, प्रासंगिक, परिणामिक या दंडात्मक हर्जाना जो आपके इस प्रतियोगीता से संबंधित कोई भी वेबसाईट के एक्सेस और ऊपयोग, या इस

प्रतियोगीता से संबंधित कोई भी वेबसाईट  से डाउनलोड करने से तथा/अथवा इस प्रतियोगीता से संबंधित कोई भी वेबसाईट से डाउनलोड की हुई कोई भी सामग्री प्रिन्ट करने के कारण सहित, कोई भी हानि या किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए जिम्मेदार या दायी नहीं होंगे।  हर्जाने की रकम पर यह सीमा, स्पैन, जर्मनी के निवासियों को लागू नहीं होती है, या जहाँ प्रतिबंधित हो। पूर्वागत को सीमित किए बिना, यह प्रतियोगिता और सभी पुरस्कार किसी भी प्रकार की स्पष्ट या निहित वॉरंटी बगैर "जैसा है जहाँ है" आधार पर प्रदान किए जाते हैं, जिसमें शामिल हैं परंतु इससे सीमित नहीं, व्यापारयोग्यता, किसी खास हेतु के लिए उपयुक्तता या गैर-उल्लंघन की निहित वारंटियाँ।  कुछ अधिकारक्षेत्रों में (1) उपयुक्त वेधानिक अधिकारों पर निहित वारंटियों के अपवर्जन की अनुमति नहीं है; और (II) संविदाकारी पक्ष के उनकी असावधानी या इरादतन कदाचार के कारणवश हानि या मौत से संबंधित देयता सीमित करने की अनुमति नहीं हैं, इसलिए ऊपरोक्त अपवर्जन और सीमा कुछ केसों में लागू नहीं होंगे।   यह परिसीमा शायद सभी अधिकारक्षेत्रों में अमल न की जा सके और इसलिए सभी योग्य सहभागियों पर शायद लागू न हो। तथा, इन नियमों और शर्तों में ऐसा कुछ भी नहीं है जो वैधानिक उपभोक्ता गारंटियों या कोई भी निहित शर्त या वारंटी को अपवर्जित या बदलाव करता है या सीमित करने का, अपवर्जित करने का, या बदलाव करने का आशय जताता है, कि जिनका इन आधिकारिक नियमों में से अपवर्जन करना किसी कानून की अवहेलना करेगा और इन नियमों और शर्तों के किसी भाग को अमान्य ठहराने का कारण बनेगा ("**गैर-अपवर्जक गारंटियाँ**")।   इन परिसीमाओं या अपवर्जनों के बारे में कोई प्रतिबंधनों या सीमाओं के लिए अपने स्थानीय कानूनों की जाँच करे।

**10. कैन्सलेशन/रूपांतरण।**

10.1. उपयुक्त कानून के अनिवार्य प्रावधान की अनुमति की पूर्णतया सीमा तक, ऑर्गेनाईज़र उसके एकाकी विवेकाधिकार में प्रतियोगिता का कैन्सलेशन, समापन, रूपांरण, विस्तृतिकरण या निलम्बन करने का अधिकार रखता है, यदि कोई वायरस, बगज़्, अनाधिकृत मानवीय हस्तक्षेप, ग्लोबल पेन्डेमिक, छल, अप्रत्याशित घटना या अन्य कारणों जो उसके यथोचित नियंत्रण से परे हो, प्रतियोगिता के प्रबंधन, सुरक्षा, निष्पक्षता, या उचित संचालन क ो भ्रष्ट करे या प्रभावित करे तथा/अथवा किसी उपयुक्त कानून, विनियमन, हुक्मनामा, या दिशानिर्देश के परिणामतः या ऑर्गेनाईज़र के अपने एकाकी विवेकाधिकार में, किसी भी कारणवश।

10.2. यदि ऑर्गेनाईज़र इन आधिकारिक नियमों के तहत इस प्रतियोगिता को कैन्सल करे या बदले, तो वह ऐसे कैन्लेशन या बदलाव को साईट पर या अपने स्वामित्व और संचालन के चेनलों पर सोशल मीडिया में प्रकाशित करके नोटिस प्रदान करेगा।   ऑर्गेनाईज़र अपने एकाकी विवेकाधिकार में किसी भी व्यक्ति को अयोग्य ठहराने का अधिकार रखता है, जिसे वह अपने एकाकी विवेकाधिकार में प्रवेश प्रक्रीया या प्रतियोगिता अथवा तो वेबसाईट के संचालन में छेड़छाड़ करता हुआ पाए।   ऑर्गेनाईज़र किसी एन्ट्रंट को प्रतियोगिता में भाग लेने से या

पुरस्कार जितने से प्रतिबंधित कर सकता है, यदि वह अपने एकाकी विवेकाधिकार में यह निर्धारित करे कि वह कथित एन्ट्रंट, धोखेबाज़ी, हैकिंग,छलकपट या खेलने की अन्यायी कार्यप्रवृत्ति करने का प्रयत्न कर रहा है जिस में शामिल है प्रतियोगिता के वैध संचालन को कमज़ोर करने का प्रयत्न करना (जिसमें ऑटोमेटेड क्विक एन्ट्री प्रोग्रामों का प्रयोग करना शामिल है,) या किसी अन्य एन्ट्रंटो या ऑर्गेनाईज़र के प्रतिनिधियों को खिझाना, अपशब्द कहेना, धमकी देना या संतापित करने का इरादा रखता है।

10.3. सावधानी: किसी भी एन्ट्रंट द्वारा जानबूझकर किसी वेबसाईट को जानबूझकर नुकसान पहुँचाना या प्रतियोगिता के वैध संचालन को कमज़ोर करने का प्रयत्न सिविल कानून और अपराधिक कानूनों का उल्लंघन है और यदि ऐसा प्रयत्न किया जाएगा, तो ऑर्गेनाईज़र ऐसे कोई भी व्यक्ति से कानून की अनुमति के अनुसार पूर्णतया सीमा तक की मात्रा में हर्जाना मांगने का अधिकार रखता है।

11. **विवाद**; **शासी कानून।**

11.1. उपयुक्त कानून के अनिवार्य प्रावधानों के अनुमति की पूर्णतया सीमा तक, सभी पक्ष कोई भी दावा या कानूनी कारवाई जो इन आधिकारिक नियमों से संबंध में दर्ज की गई हो, जिसमें असीमित तौर पर प्रतियोगिता भी शामिल है, उसकी सुनवाई के सभी अधिकारों का त्याग करते हैं।

11.2. प्रतियोगिता के बारे में भारत के कानूनों के संबंध में, ऑर्गेनाईज़र का अपने उत्पाद, ट्रेडमार्क तथा/अथवा अन्य सर्विसीज़ का प्रचार करने का इरादा नहीं है, बल्कि प्रायोजक स्वचालित वाहन (ओटोनोमस वेहिकल) AI टेकनोलॉजी के लिए प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करना चाहता है।

11.3. उपयुक्त कानून के अनिवार्य प्रावधानों के अनुमति की पूर्णतया सीमा तक यह प्रतियोगिता दी स्टेट ऑफ वॉशंगटन के कानूनो के शासन तले है, और इनके अनुसार इसका अर्थ लगाया जाएगा, और किसी भी विवाद के लिए फोरम और जगह KING COUNTY, WASHINGTON में होगी। इस कानून का चयन एन्ट्रंट को अपने निवास स्थान के अधिकार-क्षेत्र के कानूनों में तथा ऐसे प्रावधान जिनका एग्रीमेन्ट के द्वारा अपवाद नहीं हो सकता है उनसे प्राप्त होते रक्षण से, या अपने निवास स्थान के अधिकार-क्षेत्र के कानूनों की नैतिकता से उनको वंचित नहीं करता है। यदि इस वादविवाद या दावे का डायरेक्ट चर्चाओं द्वारा अथवा मघ्यस्थता के द्वारा अन्यथा समाधान न हो पाया तो उसका समाधान JAMS द्वारा उसके आर्बिट्रेशन के नियमों और प्रक्रीयाओं के अनुसार प्रबंधित किए गए आखिरी और बाध्यकर्ता आर्बिट्रेशन अथवा तो उसके उत्तरवर्ती संस्करण द्वारा किया जाएगा। (“JAMS RULES”)। आर्बिट्रेटर का चयन JAMS RULES के अनुसार किया जाएगा, सिवाय इसके कि आर्बिट्रेटर वॉशिंगटन में वकालत की प्रैकक्टिस करने का लाईसेंस धारी और अनुभवी होगा। इस पेरेग्राफ के

अनुसार सभी कार्यवाहियाँ KING COUNTY, WASHINGTON में चलाई जाएंगीं। किसी भी दावे का समाधान (रेमेडी) केवल वास्तविक हानि तक ही सीमित होगा, और किसी भी घटना में कोई भी पक्षकार दंडात्मक , उदाहरणात्मक, पारिणामिक वैधानिक या आकस्मिक हर्जाना, जिसमें शामिल है वकील की फीस या दावा लाने, या इस अनुबंध को रद्द करने या निषेधाज्ञा की राहत या कोई भी न्यायसंगत राहत की मांग करने से संबंधित ऐसे अन्य खर्च की वसूली के लिए हकदार नहीं होगा। सिवाय इसके कि कानून ने निषिद्ध किया हो, आर्बिट्रेशन की कोई भी मांग, कार्रवाई के उपाजित कारण के एक (1) वर्ष के अंतर्गत दायर की जानी चाहिए वरना कारवाई का कारण हमेशा के लिए वर्जित किया जाएगा। पक्षकार इस में सहमत है कि FORUM NON-CONVENIENS का प्रतिवाद पेश नहीं किया जाएगा।

11.4. केवल UK के निवासियों के लिए: यह प्रतियोगिता तथा ये आधिकारिक नियम ईंगलिश कानून के शासन तले हैं और एन्ट्रंटो इंग्लैंड एन्ड वेल्स की कोर्टों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होना स्वीकार करते हैं। जहाँ तक कानून अनुमति देता है, इस प्रतियोगिता, पुरस्कार अथवा तो इन आधिकारिक नियमों से संबंधित कोई भी दावे या विवाद की कार्रवाई का कारण घटित होने के एक (1) वर्ष के अंतर्गत दायर की जानी चाहिए।

11.5. केवल भारत और ऑस्ट्रेलिया के निवासियों के लिए: इस प्रतियोगिता से उत्पन्न या संबंधित कोई विवाद, दावा या वादविवाद, सिंगापूर ईंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर ("**SIAC**") द्वारा प्रबंधित आर्बिट्रेशन को निर्दिष्ट किए जाएंगे और वह अपने आर्बिट्रेशन नियमों (the "**SIAC Rules**") जो अभी कुछ समय के लिए प्रवृत्त हैं उनके के तहत इनका आखिरी समाधान करेगा, जिन नियमों के उल्लेख से वे इस धारा में निगमित मान्य किए जाते हैं। आर्बिट्रेशन की बैठक सिंगापूर में स्थित होगी। कोई भी पक्षकार विवाद के समाधान के लिए आपसी सहमति लेने पर एक एकाकी स्वतंत्र और निष्पक्ष आर्बिट्रेटर को सोंप सकते हैं, अथवा तो,आर्बिट्रेशन कि नियुक्ति के बारे में मतभेद होने के कस्से में तीन आर्बिट्रेटरों को, जिनमें से प्रत्येक पक्षकार एक को नामित करेगा और तीसरा आर्बिट्रेटर, उन दोनों आर्बिट्रेटरों की सहमति से नियुक्त होगा। ऐसे किसी भी आर्बिट्रेशन अंग्रेज़ी भाषा में चलाया जाएगा तथा मध्यस्थम पंचाट (आर्बिट्रल एवॉर्ड) का प्रारूप अंग्रेज़ी भाषा में पेश होगा। आर्बिट्रेटरों(रों) प्रस्तुत मुद्दों पर केवल आर्बिट्रेटर्स एट लो के तौर पर विनिश्चय करेंगे और अपने पंचाट, तथा कोई भी अन्तरिम पंचाट, इन आधिकारिक नियमों पर एवं सिंगापूर के मौलिक कानून पर आधारित करेंगे। इसके द्वारा पक्षकारों कोई भी उदाहरणात्मक, दंडात्मक या समान हर्जाना कि जो प्रतिपूरक हर्जाना, वकिलों की फीस, खर्च, तथा आर्बिट्रेशन के खर्च से अधिक खर्च के दावे का अधित्याग करते हैं, और आर्बिट्रेटर(रों) कोई भी उदाहरणात्मक, दंडात्मक या समान हर्जाना जो प्रतिपूरक हर्जाना, वकिलों की फीस, खर्च, तथा आर्बिट्रेशन के खर्य से अधिक खर्च के लिए पंचाट नहीं करेंगे। आर्बिट्रेशन एवॉर्ड अंतिम और पक्षकारों के लिए बाध्यकर्ता होगा, और पक्षकारों इसके बाध्य होने में सम्मत हैं, और इस एवॉर्ड

पर फैसला किसी भी कोर्ट में दायर किया जा सकता है जिसका उसके न्यायाधिकार-क्षेत्र के नियमों के अनुसार न्यायाअधिकार हैं। SIAC Rules के तहत आर्बिट्रेशन सिंगापूर में घटित होगा।

11.6. केवल चीन, ताइवान तथा हांगकांग के निवासियों के लिए: इन आधिकारिक नियमों से उत्पन्न होते या संबंधित कोई भी विवाद, वादविवाद, असमानता या दावा, जिसमें इसका अस्तित्व, वैधता, व्याख्या, निष्पादन, उल्लंघन या समापन, या प्रतियोगिता के बारे में कोई भी विवाद, होंगकोंग ईंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर ("**HKIAC**") द्वारा प्रबंधित आर्बिट्रेशन को निर्दिष्ट किए जाएंगे और उनका अंतिम समाधान आर्बिट्रेशन के लिए नोटिस देने के वक्त प्रवृत्त आर्बिट्रेशन नियमों के तले HKIAC द्वारा प्रबंधित करेगा। आर्बिट्रेशन की बैठक होंगकोंग में स्थित होगी। आर्बिट्रेशन ट्राईब्यूनल में तीन (3) आर्बिट्ररों शामिल होंगे। किसी एक पक्षकार द्वारा दूसरे पक्षकार को नोटिस भेजने की तारीख के तीस (30) दिन के अंतर्गत प्रत्येक पक्षकार एक आर्बिट्रेटर नियुक्त करेगा जिसे HKIAC RULES के तहत सक्षम प्राधिकारी (दी "**एपोंईटिंग ऑथोरिटी**") के द्वारा स्वीकृत किया जाना होगा।। दोनों आर्बिट्ररों तीस (30) दिन के अंतर्गत तीसरे आर्बिट्रेटर को मंजूर करेंगे। यदि दोनों में से कोई भी पक्षकार अथवा यदि दोनों आर्बिट्रेटरों, उपरोक्त समयावधि के अंतर्गत तीसरे आर्बिट्रेटर के बारे में सहमत होने में असफल रहें, तो वह आर्बिट्रेटर एपोंईटिंग ऑथोरिटी द्वारा नियुक्त किया जाएगा। यदि दो अथवा दो से अधिक प्रतिवादी हों, तो उनके द्वारा अथवा तो उनके हेतु किसी भी आर्बिट्रेटर के नामांकन उनके बीच संयुक्त समझौते द्वारा होना ज़रूरी है। यदि ऐसे प्रतिवादी एपोंईटिंग ऑथोरिटी द्वारा नियत समयावधि के अंतर्गत ऐसे संयुक्त समझौते के बारे में सहमत होने में असफल रहें, तो उन प्रत्येक के विरूद्ध की कार्यवाही को अलग किया जाना होगा। किसी विवाद के समाधान के लिए नियुक्त किये गये किसी भी आर्बिट्रेटर को अंग्रेज़ी और चाईनीज़ दोनों भाषाओं में प्रवीण (वाक्पटु) होना आवश्यक है। किसी भी विवाद के आर्बिट्रेशन से संबंधित सभी कार्यवाहियों और दस्तावेजों का व्यवहार अंग्रेज़ी में किया जाएगा। आर्बिट्रेशन ट्राईब्यूल का पंचाट विवादकर्ता पक्षकारों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा और प्रवर्त पक्षकार सक्षम न्यायाधिकार क्षेत्र के कोर्ट में ऐसे पंचाट की उपयुक्त आवश्यकताओं के अनुसार, उस न्यायाधिकार क्षेत्र में, अमल कराने के लिए अरजी कर सकता है।

**12. डेटा का उपयोग।** ऑर्गेनाईज़र प्रत्येक एन्ट्रंट के व्यक्तगत डेटा का कंट्रोलर है। इस प्रतियोगिता के संबंध में एकत्रित किए गए एन्ट्रंटों के व्यक्तिगत डेटा का उपयोग, ऑर्गेनाईज़र इस हेतु करेगा; (1)प्रतियोगिता के संचालन और कोई भी पुरस्कार को परिपूर्ण करने के लिए; (ii) प्रतियोगिता के बारे में एन्ट्रंटों के साथ संवाद के लिए; और (iii) संबंधित कानूनों और विनयमन का अनुपालन करने के लिए। ऑर्गेनाईज़र की गोपनीयता नीति https://aws.amazon.com/privacy/ पर ऊपलब्द है। इस प्रतियोगिता में एकत्रित की हुई कोई भी व्यक्तिगत जानकारी ऑर्गेनाईज़र की गोपनीयता नीति के

अनुसार प्रयोग की जाएगी। इस प्रतियागिता में भाग लेने से, प्रत्येक एन्ट्रंट उपरोक्त गोपनीयता नीति के अनुसार अपनी व्यक्तिगत जानकारी के एकत्रित होने, उसका उपयोग और प्रकाशन होने का स्वीकार करता है/करती है।

13. **विजेता का नाम/ विजेताओं की सूचि।** इंविटेशन प्राईज़ विनर की सूचि पाने के लिए, जिसमें, उपयुक्ति अनुसार उनके राष्ट तथा/अथवा शहर और निवास स्थान के राज्य की जानकारी शामिल हैं, एक पर्याप्त पोस्टेज का भुगतान किया हुआ सेल्फ-एड्रेस्ड, स्टैप्ड एन्वलोप, जनवरी 31, 2024 से पहले यहाँ भेज दें: Amazon Web Services, Inc., ., ATTN: DeepRacer 2023, 410 Terry Avenue, Seattle, WA, USA, 98109-5210.
14. **पृथक्करणीयता।** यदि इन आधिकारिक नियमों के किसी भी प्रावधान को किसी भी विशिष्ट हकीकतों या परिस्थितियों को लागू करने में किसी भी कारणवश अवैध, गैरकानूनी या किसी कोर्ट, आर्बिट्रेशन पैनल या सक्षम न्यायाधिकार क्षेत्र द्वारा अप्रवर्तनीय ठहराया जाए, तो (a) इससे ऐसे प्रावधान की वैधता, कानून-संगतता और प्रवर्तनीयता कोई अन्य विशिष्ट हकीकतों या परिस्थितियों को लागू करने में, तथा इन आधिकारिक नियमों के अन्य प्रावधानों किसी भी तरह प्रभावित या कमज़ोर नहीं होंगे।; और (b) ऐसे प्रावधान को शक्य हो उतनी अधिकतम हद तक लागू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि इन आधिकारिक नियमों में सम्मिलित कोई भी प्रावधान को किसी भी कारणवश, अवधि, भौगोलिक विस्तार, गतिविधि या विषय में अत्याधिक रूप से व्यापक ठहराया जाए, तो उसको उपयुक्त कानून के साथ सुसंगत मात्रा में अमल कर सकने के लिए सीमित और परिमाण घटा के अर्थघटन किया जाएगा। इन आधिकारिक नियमों की किसी भी शर्त को लागू करने में ऑर्गेनाईज़र की असफलता से उस प्रावधान का अधित्याग नहीं होता है।
15. **नौकरी का प्रस्ताव नहीं।** इन आधिकारिक नियमों में ऐसा कुछ भी नहीं है जो किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के नौकरी का प्रस्ताव या अनुबंद पेश करता है। एन्ट्रंट स्वीकार करता है कि एन्ट्रंट के रीइन्फोर्समेन्ट लर्निंग मॉडेल(लों) को उसने अपनी स्वेच्छा से प्रस्तुत किए हैं, नहीं कि गुप्त या विश्सनीय तौर पर। एन्ट्रंट स्वीकार करता है कि अब एन्ट्रंट और ऑर्गेनाईज़र या किसी भी रिलीज़्ड पक्ष के बीच कोई भी गोपनीय/विश्वसनीय, प्रत्ययी (फिड्यूसरी), एजंसी या अन्य संबंध या वास्तव में-निहित-अनुबंध अस्तित्व में नहीं है और इन आधिकारिक नियमों के अनुसार प्रस्तुत कुछ भी निहत वस्तु (कंटेंट) प्रस्तुत करने से ऐसा कोई भी संबंध स्थापित नहीं होता है।

© 2023 Amazon Web Services, Inc.